Annual Camp of NSS

NSS Dinesh 12 Dec, 2022

आज दिनांक 11 दिसंबर 2022 को राजकीय महाविद्यालय सराहां, जिला सिरमौर की राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई का सप्त दिवसीय विशिष्ट आवासीय शिविर शुरू हुआ। सुबह से ही स्वयंसेवी कार्यक्रम के आयोजन के लिए जोर-शोर से तैयारियां कर रहे थे। इस कार्यक्रम में डॉ. एन. डी. शर्मा, सेवानिवृत्त आचार्य, राजकीय महाविद्यालय संगड़ाह, बतौर मुख्य अतिथि उपस्थित रहे। सर्वप्रथम मुख्य अतिथि को बैज लगाकर तथा गुलदस्ता भेंट कर स्वागत किया गया। तत्पश्चात मुख्य अतिथि ने माता सरस्वती के चरणों में दीप प्रज्ज्वलन कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। सांस्कृतिक कार्यक्रमों के तहत स्वयंसेवियों ने सरस्वती वंदना व राष्ट्रीय सेवा योजना गीत प्रस्तुत किया। उसके बाद कार्यक्रम अधिकारी दिनेश कुमार द्वारा मुख्य अतिथि का स्वागत किया तथा सप्त दिवसीय शिविर के कार्यक्रमों के बारे में संक्षिप्त में अवगत कराया। उसके बाद स्वयंसेवी अशिता ने भजन गाकर कार्यक्रम को आगे बढ़ाया। स्वयंसेवियों को कार्यक्रम अधिकारी ने समाज में बदलते मूल्यों, " *21वीं सदी में ढूंढते रह जाओगे* "पर एक वीडियो दिखाया। उसके बाद मुख्य अतिथि के द्वारा स्वयंसेवियों को नोटबुक व पेन भेंट किया गया। कार्यक्रम के अगले पड़ाव में मुख्य अतिथि ने *बदलते सामाजिक मूल्य, विद्यार्थी और उसके कर्तव्य तथा व्यक्तित्व निर्माण* आदि विषयों पर अपना व्याख्यान देते हुए विद्यार्थियों को परिश्रम करने व अपने निर्णय पर दृढ़ता से आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया। कार्यक्रम के अंत में एन.एस.एस. कार्यक्रम अधिकारी द्वारा मुख्य अतिथि का धन्यवाद किया तथा उन्हें एक स्मृति चिन्ह भी भेंट किया। राष्ट्रगान के साथ सुबह का सत्र समाप्त हुआ। इसके बाद दोपहर के खाने के बाद दोबारा से सभी विद्यार्थियों को कॉन्फ्रेंस रूम में एकत्र किया गया। उन्हें विभिन्न ग्रुपों में बांटा गया जिसमें पहला ग्रुप विवेकानंद, दूसरा सरदार वल्लभभाई पटेल तथा तीसरा सरदार भगत सिंह के नाम पर बनाया गया। दिनांक 12 दिसंबर 2022 का कार्यभार सरदार वल्लभभाई पटेल ग्रुप को सौंपा गया। शारीरिक कार्यों के तहत विद्यार्थियों ने कमरा नंबर 6 के डेस्क जो हिमाचल प्रदेश विधानसभा के चुनाव के समय कमरे से हटाए गए थे, उन्हें बरामदे से दोबारा कमरे में शिफ्ट किया। शाम को महाविद्यालय प्रांगण में प्राणायाम की क्रिया साथ दोपहर बाद के सत्र को समाप्त किया गया।